एफआरआई में शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के दौरान नवोदय विद्यालय के विद्यार्थी।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम से बंगाण संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों ने की भेंट

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने गुरूवार को विधानसभा में विधायक मुन्ना सिंह चौहान के नेतृत्व में बंगाण संघर्ष समिति, उत्तरकाशी के प्रतिनिधियों ने अगस्त 2019 में कोठीगाड़, बंगाण क्षेत्र के 09 ग्राम पंचायतों में बाढ़ व भूस्खलन से हुई क्षति के संबंध में ज्ञापन दिया। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने कहा कि आपदा राहत के मानकों के अनुसार क्षेत्र की समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

### जैविक राज्य बनाने की दिशा में उठाये गये कदम के सकारात्मक परिणाम

**संवाददाता** देहरादून। कृषि व उद्यान मंत्री सुबोध उनियाल ने विधानसभा स्थित कार्यालय कक्ष में जानकारी देते हुए बताया कि उत्तराखण्ड को जैविक राज्य बनाने की दिशा में उठाये गये कदम के सकारात्मक परिणाम मिलने लगे हैं। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लिए कटिबद्ध है। इसी क्रम में सरकार विधानसभा के आगामी सत्र में मंडी एक्ट के तहत रिवाल्विंग फंड में संशोधन विधेयक लाने जा रही है।

### रिक्त पदों के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आचार संहिता प्रभावी

**संवाददाता** देहरादून। राज्य निर्वाचन आयोग उत्तराखण्ड द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन–2019 के पश्चात कतिपय ग्राम पंचायतों के सदस्य ग्राम पंचायत, प्रधान ग्राम पंचायत, सदस्य क्षेत्र पंचायत एवं सदस्य जिला पंचायत के पदों स्थानों पर नामांकन न होने के कारण अथवा अन्य कारणों से रिक्त रह गये ऐसे सभी पदों, स्थानों के उप निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा तिथि से मतगणना कार्य समाप्ति तिथि 21 दिसम्बर तक राज्य के सम्बन्धित क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गयी है।

### व्यवसायिक वाहनों के चालकों एवं परिचालकों का गहन सत्यापन करने के दिए निर्देश

**संवाददाता** देहरादून। पुलिस उपमहानिरीक्षक व निदेशक यातायात केवल खुराना द्वारा राज्य के समस्त जनपदों को निर्देश जारी किये गये हैं कि राज्य के प्रत्येक जनपद में अत्यधिक संख्या में व्यावसायिक वाहन संचालित हो रहे हैं ,साथ ही प्रतिदिन अत्यधिक संख्या में बाहरी राज्यों के व्यवसायिक वाहन भी आवागमन कर रहें हैं, जिनमें उत्तराखण्ड के साथ ही अन्य राज्यों के व्यक्तियों द्वारा चालकों अथवा परिचालकों के रूप में कार्य किया जा रहा है। विदित हो कि विगत दिनों हैदराबाद में घटित हुई अत्यन्त वीभत्स एवं जघन्य आपराधिक घटना मे व्यवसायिक वाहनों के परिचालकों की संलिप्तता प्रकाश में आई है।

# श्राइन बोर्ड के विरोध में तीर्थ पुरोहितों ने किया विधानसभा कूच

**विरोध**

रिस्पना पुल पर रोकने के दौरान हुई तीखी नोक झोंक

सड़क पर बैठकर घंटो तक सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे

**संवाददाता**

देहरादून। चारधाम श्राइन बोर्ड गठन के फैसले के विरोध में तीर्थ पुरोहितों ने बुधवार को विधानसभा का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान रिस्पना पुल पर बने बैरिकेटिंग पर पुलिस द्वारा उन्हे रोके जाने के दौरान जमकर धक्का मुक्की और तीखी नोंक झोंक भी हुई। श्राइन बोर्ड का विरोध कर रहे देव भूमि के तीर्थ पुरोहित और हक हकूक धारियों में सरकार के इस निर्णय को लेकर भारी गुस्सा है।

इन तीर्थ पुरोहितों का समर्थन कई सामाजिक संस्थाओं और कांग्रेस द्वारा भी किया जा रहा है। अपने तय कार्यक्रम के अनुरूप आज हजारों की संख्या में तीर्थ पुरोहित और उनके समर्थक बन्नू कालेज के प्रांगण में जमा हुए जहां से वह सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विधानसभा की ओर रवाना हुए।



श्राइन बोर्ड के विरोध में तीर्थ पुरोहित विधानसभा कूच करते हुए।

जैसे ही तीर्थ पुरोहित एक रैली की शक्ल में विधानसभा की ओर रवाना हुए तो पुलिस ने उन्हें रिस्पना पुल पर बनाये गये बैरिकेटिंग पर रोक दिया गया। इस दौरान इन तीर्थ पुरोहितों द्वारा कई बार बैरिकेटिंग को लांघकर आगे जाने की कोशिशें भी की गयी। तथा पुलिस कर्मियों के साथ उनकी तीखी नोंक झोंक व धक्का मुक्की भी हुई। जिसमें कुछ लोगों को हल्की चोंटे भी आयी है लेकिन पुलिस ने उन्हे रिस्पना पुल से आगे नहीं बढ़ने दिया। यहां रोके जाने पर प्रदर्शन कारी सड़क पर ही बैठ गये और घंटो तक सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे।

विधानसभा सत्र के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर विधानसभा क्षेत्र में धारा 144 लागू है। प्रदर्शनकारियों में प्रमुख रूप से बदीनाथ धाम से जुड़े टेनखण्ड, हक हुकूकधारी महासंघ, डिम्टी बड़ी पंचायत केदारनाथ तीर्थ पुरोहित महासभा, गंगोत्री तीर्थ पुरोहित महासभा, यमुनोत्री तीर्थ पुरोहित महासभा व चन्द्रबनी मन्दिर समिति सहित तमाम उन 47 मन्दिरों के पंडित और पुजारी शामिल थे जिन्हे सरकार ने इस श्राइन बोर्ड के दायरे में रखा है। उनके इस प्रदर्शन ने तीर्थ पुरोहित हक हकूकधारी महापंचायत और भारतीय ब्राहमण एकता परिषद भी शामिल रही। प्रदर्शन कारियों का कहना है कि सरकार जब तक इस तुगलकी निर्णय को वापस नहीं लेगी उनका आंदोलन जारी रहेगा।

### मुख्यमंत्री ने नागरिकता बिल के प्रस्तावित संशोधन का स्वागत किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने केन्द्रीय कैबिनेट द्वारा नागरिकता बिल के प्रस्तावित संशोधन का स्वागत किया है। उन्होंने इसे राष्ट्रीय महत्व का फैसला बताते हुए फैसले को राष्ट्रहित से जुड़ा विषय भी बताया। मुख्यमंत्री श्री त्रिवेंद्र ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से जुड़ा होने के कारण उत्तराखंड के लिए भी एनआरसी अहम है। असम के बाद अब पूरे देश में एनआरसी लागू किए जाने के केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह की घोषणा का भी उन्होंने समर्थन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि घुसपैठ के लिहाज से उत्तराखंड हमेशा से ही संवेदनशील रहा है। इस लिहाज से उत्तराखण्ड के लिए भी एनआरसी ज्यादा महत्व रखता है। इसलिए वे काफी पहले से एनआरसी लागू करने की बात कह रहे हैं, उत्तराखंड में यह पहले ही से ही विचाराधीन रहा है। केंद्र सरकार की पहल का उन्होंने समर्थन किया और इसे देश हित से जुड़ा फैसला बताया। घुसपैठ को एक बड़ी समस्या बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एनआरसी के लागू होने के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर एक बड़ी समस्या का समाधान हो जाएगा।

### दून अस्पताल में बनेगा अत्याधुनिक पोस्टमार्टम हाउस और मोर्चरी

**संवाददाता** देहरादून। दून अस्पताल में जल्द ही अत्याधुनिक पोस्टमार्टम हाउस और शवगृह का निर्माण होगा। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य आशुतोष सयाना के साथ हुई बैठक में नई मोर्चरी बनाने पर सहमति बन गई है। अब अस्पताल प्रशासन द्वारा मीन तलाशने का काम शुरू कर दिया गया है। अस्पताल प्रशासन द्वारा जैसे ही जमीन का अधिग्रहण कर लिया जाएगा, अत्याधुनिक पोस्टमार्टम हाउस और शवदाह गृह का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। दून अस्पताल के मोर्चरी और पोस्टमार्टम हाउस की तस्वीर बदलने जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ऐसा प्लेसमेंट देख रहा है, जिसमें 600 स्क्वेर यार्ड की जमीन होनी चाहिए और वो अस्पताल परिसर के अंदर ही होनी चाहिए। इसके लिए जेई को जिम्मेदारी दी गई है।

# उत्तराखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू

**शीतकालीन सत्र**

■ महंगाई पर विपक्ष ने सरकार को घेरा

देहरादून। **संवाददाता**

उत्तराखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र बुधवार को शुरू हुआ। सत्र के पहले दिन सदन में विपक्ष ने महंगाई को लेकर सरकार को जमकर घेरा। विपक्ष का कहना था कि सरकार महंगाई को नियंत्रित करने की दिशा में कोई ठोस उपाय नहीं कर रही है। बढ़ती महंगाई के चलते आम जनता परेशान है, लोगों के लिए दो टाइम की रोटी का प्रबंध करना भी मुश्किल हो रहा है।

पूर्वाह्न 11.5 बजे सदन का शुभारंभ वंदेमातरम के साथ हुआ। इसके पश्चात स्पीकर प्रेमचंद अग्रवाल ने भाजपा से निष्कासित विधायक कुंवर प्रणव सिंह चौंपियन को सत्तापक्ष के साथ नहीं, बल्कि असंबद्ध विधायक के रूप में अलग बैठने की व्यवस्था दी। इस दौरान सदन को पिथौरागढ़ उपचुनाव में जीती भाजपा विधायक चंद्रा पंत के निर्वाचन की सूचना स्पीकर द्वारा दी गई। सदन की कार्यवाई शुरू होते ही विपक्ष ने महंगाई का मुद्दा उठा दिया। विपक्ष ने प्रश्नकाल रोककर इस मुद्दे पर नियम 310 के तहत चर्चा कराए जाने की मांग रखी। इस दौरान विपक्षी सदस्यों ने वेल में आकर हंगामा भी किया। इस पर स्पीकर ने नेता प्रतिपक्ष इंदिरा हृदयेश की महंगाई से सम्बंधित सूचना को नियम 58 में सुनने की व्यवस्था दी। उसके बाद प्रश्नकाल सुचारू रूप से चला। प्रश्नकाल के दौरान विपक्षी सदस्यों के साथ ही सत्ता पक्ष के सदस्यों ने भी सरकार को घेरने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी।

**सरकार गरीब के मुंह से निवाला छीन रही है: प्रीतम सिंह**

प्रश्नकाल के पश्चात महंगाई के मुद्दे पर नियम 58 के तहत चर्चा हुई। चर्चा शुरू करते हुए नेता प्रतिपक्ष डा इंदिरा हरदयेश ने कहा कि प्याज, रसोई गैस, दाल, पेट्रोल, डीजल के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं। बढ़ती महंगाई के चलते गरीब आदमी के लिए दो टाइम के खाने की व्यवस्था करना भी मुश्किल हो गया है। चर्चा में प्रतिभाग करते हुए कांग्रेस विधायक प्रीतम सिंह ने कहा कि सरकार महंगाई को रोकने में नाकाम साबित हो रही है। सरकार की गलत नीतियों के कारण महंगाई बढ़ी है। प्याज 100 रूपये किलो पार हो गया है। दालों के दाम भी काफी बढ़ गए हैं।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at http://app.page3news.co.in
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code
Read News
Watch News Channel

### एफआरआई का शैक्षिक भ्रमण

**संवाददाता** देहरादून। लखनऊ मण्डल के विभिन्न नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने वन अनुसंधान संस्थान दून शैक्षिक भ्रमण किया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं0-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।